हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 कहीं शिक्षक अनुपस्थित मिले तो कहीं शौचालय बाथरूम की ...



07 अवैध शिकार के फंदे में फंसा तेंदुआ, दर्दनाक मौत, वन विभाग और पुलिस...



## समाचार संक्षेप

### खेल प्रतिभाओं ने बढ़ाया विद्यालय और गुना का गौरव

**गुना।** शारदा विद्या निकेतन के होनहार विद्यार्थियों ने खेलकूद के क्षेत्र में एक बार फिर विद्यालय, गुना शहर और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। हाल ही में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संभागीय स्तर पर अपनी जगह बनाई है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह और खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि के तहत डॉजबॉल खेल में रक्षित राजपूत का चयन संभागीय स्तर के लिए हुआ है। इसके साथ ही रक्षित ने थ्रोबॉल में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर संभागीय स्तर पर स्थान बनाया है। वहीं, थ्रोबॉल प्रतियोगिता में यशराज धुरिया, अनिकेत रघुवंशी, दीक्षा शर्मा और संस्कृति सेन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और उनका चयन संभागीय स्तर के लिए हुआ। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर शारदा विद्या निकेतन के प्राचार्यों, खेल शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ ने चयनित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी संभागीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुना जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### 7 अक्टूबर को 70 वर्षीय पेंशनरों का होगा सम्मान

**गुना।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन, गुना द्वारा 7 अक्टूबर 2026 को 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बजरंगगढ़ किले पर किया जाएगा। एसोसिएशन ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे 7 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे तक बजरंगगढ़ किले पर पहुंचें, ताकि सम्मान समारोह में सहभागिता कर सकें। इस अवसर पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वाले सदस्यों में जयवीर सिंह यादव (अशोकनगर), महेश कुमार श्रीवास्तव, यूनुस खान, कस्तूरी बाई, बशीर खान, मंगीलाल (मक्सूदनगढ़), मथुरालाल शर्मा, रमेशचंद्र पुत्र रामगोपाल शर्मा (अशोकनगर) एवं काशीराम औरैया शामिल हैं। जिला अध्यक्ष ए.आर. खान ने जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन द्वारा 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों के सम्मान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर बजरंगगढ़ किले पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जिले में आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**गुना।** जिले में 6 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत जिले के 1 से 19 वर्ष तक के कुल 5,86,802 बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बच्चों को आंतों के संक्रमण से बचाने और उनके पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से यह दवा सभी शासकीय व निजी स्कूलों, मदरसों, आंगनबाड़ियों और छात्रावासों में निःशुल्क खिलाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग परस्पर समन्वय से कार्य करेंगे।

### उधारी के पैसे मांगने पर तीन युवकों ने एक व्यक्ति को किया लहूलुहान

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत पठार मोहल्ले में उधारी के रुपये मांगना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। फरियादी हरवीर लोधी के अनुसार गत शाम करीब 7 बजे जब वह घर के बाहर बैठा था, तब उसने एक माह पूर्व दिए गए 5,000 रुपये उधारी के वापस मांगे। इस बात पर आरोपी बुल्ला बघेल, कान्हा बघेल और उनके दोस्त सोनू यादव ने आक्रोशित होकर गंदी गालियां दीं। विरोध करने पर तीनों ने लाठियों से हमला कर दिया, जिससे हरवीर की पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं। पत्नी और पड़ोसी के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज किये हैं।

### शारदीय नवरात्रि को लेकर गुना में उत्साह, अंतिम दौर में तैयारियां

# सजावट का काम तेज, मूर्तिकार दिन-रात मां दुर्गा की प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आद्यशक्ति मां भगवती की उपासना का पावन पर्व शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 11 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है। पर्व को अब गिने-चुने दिन ही शेष रहने के कारण पूरे गुना शहर में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखा जा रहा है। 20 अक्टूबर को विजयादशमी तक चलने वाले इस नौ दिवसीय शक्ति उत्सव को लेकर नगर की विभिन्न पूजा समितियों और मूर्तिकारों द्वारा तैयारियां अंतिम चरणों में पहुंच गई हैं। शहर के झांकी पंडालों को भव्य एवं आकर्षक रूप देने के लिए आयोजन समितियों ने ध्वज पूजन के साथ ही व्यवस्थाएं संभाल ली हैं।



पंडालों के निर्माण, विद्युत साज-सज्जा और घर-घर जाकर चंदा संग्रहण का कार्य जोर-शोर से संचालित किया जा रहा है।

#### मूर्तिकार दिन-रात तराश रहे मां का रूप

वहीं दूसरी ओर, गुना शहर और आसपास के लगभग आधा सैकड़ा स्थलों पर मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की नयनाभिराम प्रतिमाओं का निर्माण कार्य रात-दिन किया जा रहा है। मिट्टी से आकार ले चुकीं इन प्रतिमाओं में अब कुशल कारीगरों द्वारा रंग-रोगन, साज-श्रृंगार और नयन खोलने की प्रक्रिया को अंतिम स्पर्श दिया जा रहा है। बाजार में 2 हजार रुपये की छोटी प्रतिमाओं से लेकर 50 हजार एवं 1 लाख रुपये तक की विशालकाय और कलात्मक मूरतों का निर्माण किया गया है, जिन्हें देखने के लिए अभी से श्रद्धालुओं की उत्सुकता बनी हुई है। शारदीय नवरात्रि के शुरू होते ही पूरा शहर मां जगदंबा के जयकारों से गुंजायमान हो उठेगा। गरबा आयोजकों और सार्वजनिक झांकी कमेटियों ने भक्तों के स्वागत के लिए कमर कस ली है।

### तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रीन माउंटेन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार मदरसा शिक्षक की इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान के हरनावदा निवासी अरमान (26) और विदिशा निवासी मोहम्मद अनस खान (24) बरबटपुरा गुना स्थित मदरसे में विगत दो वर्षों से बच्चों को पढ़ाने का कार्य करते थे। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों शिक्षक एक दिन का अवकाश लेकर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल आरजे 28-7709 से राघौगढ़ जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित पिकअप वाहन चालक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों उछलकर सडक़ पर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल गुना पहुंचाया गया।

### दिग्विजय सिंह की पदयात्रा 20 अक्टूबर को महाकालेश्वर मंदिर से होगी शुरू

# 930 किमी का सफर तय कर अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या जन्मभूमि तक 'सनातन स्वाभिमान पदयात्रा' का संकल्प अब आकार लेने जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की इस यात्रा को लेकर यात्रा प्रभारी सचिन वत्स ने रूट की जानकारी साझा की है। यात्रा उज्जैन से शुरू होकर विभिन्न पड़ावों से गुजरते हुए अयोध्या पहुंचेगी।

यह महज एक पदयात्रा नहीं, बल्कि महाकाल की नगरी से श्रीराम की नगरी तक सनातन की उस आत्मा को तलाशने का प्रयास है, जिसमें आस्था के साथ सत्य, सेवा, करुणा, समरसता और हर व्यक्ति के सम्मान की भावना निहित है। यात्रा के जरिए सनातन को लेकर चल रही राजनीतिक बहस के बीच उसके सामाजिक और मानवीय पक्ष



को भी सामने रखने का प्रयास किया जाएगा।

यात्रा प्रभारी सचिन वत्स के मुताबिक, यात्रा का उद्देश्य यह संदेश देना है कि सनातन केवल पूजा-पद्धति या धार्मिक पहचान का विषय नहीं, बल्कि वह जीवन-दर्शन है जिसमें कमजोर से कमजोर व्यक्ति के सम्मान और अधिकार की भी जगह है। उज्जैन से निकलने वाली यह यात्रा बाबा महाकाल की नगरी की आध्यात्मिक ऊर्जा को साथ लेकर आगे बढ़ेगी और अंततः अयोध्या में प्रभु श्रीराम की नगरी तक मर्यादा के साथ पहुंचेगी। रास्ते में लोगों से संवाद, जनसरोकारों के मुद्दों पर चर्चा और सनातन के मूल मूल्यों को लेकर संदेश दिया जाएगा।

उज्जैन से अयोध्या तक का यह सफर सिर्फ किलोमीटर में नहीं मापा जाएगा। एक ओर महाकाल की नगरी होगी, दूसरी ओर श्रीराम की जन्मभूमि; बीच में होंगे गांव, कस्बे, आम लोग और उनके अपने सवाल। यही इस यात्रा को एक भावनात्मक और वैचारिक यात्रा का स्वरूप देता है।

दिग्विजय सिंह की यह यात्रा ऐसे समय में सामने आ रही है, जब देश में सनातन, धर्म और राजनीति को लेकर लगातार बहस जारी है। ऐसे में 'सनातन स्वाभिमान' के जरिए यह सवाल भी उठाया जाएगा कि सनातन की पहचान केवल नारों में है या फिर वह समाज के अंतिम व्यक्ति के सम्मान, समानता और न्याय में भी दिखाई देनी चाहिए। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से शुरू होकर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या तक पहुंचने वाला यह सफर आखिरकार उसी सवाल की तलाश होगा। सनातन का स्वाभिमान क्या केवल आस्था में है, या उस आस्था से जुड़े हर इंसान के सम्मान में भी।

20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होने वाली यह यात्रा तराना, शाजापुर, सारंगपुर, खुजनेर, राजगढ़, चाचौड़ा, आरोन, अशोकनगर, चंदेरी, तालबेहट, जेरोन, रामराजा के ओरछा जिला निवाड़ी होती हुई चिरगांव, उरई, कालपी, कानपुर देहात, लखनऊ देहात, बाराबंकी से गुजर कर 930 किलोमीटर का सफर तय करते हुए अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ समाप्त होगी।

### महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# पूजन, दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ हुई शुरुआत, प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में श्री अग्रवाल ट्रस्ट गुना के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का गरिमामय एवं भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में सामाजिक एकजुटता और उत्सव का उल्लास देखने को मिला।

मीडिया प्रभारी विवेक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ नागरिक राधेश्याम तायल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण कर जयंती महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में मुख्य रूप से बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल एवं व्यापार-उद्योग महासंघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अगुवाई ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा सचिव अनिल अग्रवाल ने की। इस दौरान वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के बताए समाजवाद और एक रुपया-एक ईंट के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में समाज बंधुओं के लिए विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ



**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा जगजीवन मार्ग आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया गया तथा उन्हें स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं ने बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, स्वच्छ वस्त्र पहनने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को पठन सामग्री एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। छात्राओं ने बच्चों के साथ समय बिताकर उनमें शिक्षा, स्वच्छता और अच्छे संस्कारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से छात्राओं ने सेवा, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को साकार किया।

# पति मजदूरी पर गया और 3 बच्चों को छोड़कर संदिग्ध हाल में गायब हुई पत्नी

**गुना।** शहर के शीतला माता मंदिर, ढीमर मोहल्ला निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा है। पीड़ित पति ने एक स्थानीय युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने और मायके पक्ष पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

आवेदन के अनुसार, फरियादी योगेश सैलर (32) पेशे से मजदूर है। बीते 30 सितंबर 26 की सुबह करीब 11:45 बजे जब वह मजदूरी पर गया हुआ था, तब उसकी 28 वर्षीय पत्नी अपने तीन छोटे बच्चों को घर पर अकेला छोडक़र बैग लेकर कहीं चली गई। जाते समय वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गई और चांदी की पायल साथ ले गई।

#### मायके पक्ष और संदिग्ध युवक पर आरोप

पीड़ित योगेश ने बताया कि जब उसने अपनी पत्नी की खोजबीन के लिए कुरवाई (विदिशा) स्थित उसके मायके में सास और ससुर से संपर्क किया, तो उन्होंने कोई सहयोग न करते हुए 15 हजार रुपये की मांग की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। इसके साथ ही पीड़ित ने लक्की सैलर नाम के व्यक्ति पर भी संदेह जताया है। आरोप है कि उक्त युवक ने ही उसके बच्चों के स्कूल से टीसी निकलवाई थी और पूछने पर टाल-मटोल कर धमकियां दे रहा है। पीड़ित पति का कहना है कि पूर्व में सिटी कोतवाली में शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। उसने एसपी से मांग की है कि घर पर छूटे मोबाइल की कॉल डिटेल निकाली जाए और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कराकर उसकी पत्नी की सकुशल बरामदगी की जाए।

### एक ही रात में तीन मोटरसाइकिलें पार

**गुना।** राघौगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी कॉलेज के पीछे स्थित कान्हा लेक सिटी कॉलोनी कैंपस से अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन कर्मचारियों की मोटरसाइकिलें पार कर दीं। पीड़ित प्रोजेक्ट मैनेजर और ठेकेदार तरुण शर्मा (41) निवासी अशोक नगर हाल निवासी राघौगढ़ ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार, उनके मार्गदर्शन में काम करने वाले कर्मचारी रामलाल कुशवाहा, रामनिवास चंदेल और विमल धाकड़ कॉलोनी कैंपस स्थित लेबर रूम में रहते हैं और अपनी गाडिय़ां भी वहीं पार्क करते थे। रोज की तरह गत रात वे गाडय़ां खड़ी कर सो गए थे। अगले दिन तडक़े करीब 4 बजे जब तरुण शर्मा जागे तो तीनों गाड़ियां गायब थीं।

# अतिक्रमण कार्रवाई पर अहिरवार समाज का विरोध, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर पालिका और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। अहिरवार समाज संघ के बैनर तले गुलाबगंज के दर्जनों रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन पर जातिगत आधार पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध दर्ज कराया। संघ के जिलाध्यक्ष कन्हैया राम अहिरवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ितों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कैंट क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32 में विगत दिनों प्रशासन और नपा अमले ने केवल अहिरवार समाज के लोगों के मकानों के बाहर बने चबूतरों को निशाना बनाते हुए उन्हें बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। जबकि उसी इलाके में अन्य वर्गों द्वारा किए गए सामान प्रकार के अतिक्रमणों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

#### कानून सबके लिए एक, फिर कार्रवाई दोहरी क्यों?

प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताते हुए सवाल खड़ा किया कि जब देश का संविधान और कानून सभी नागरिकों के लिए समान है, तो प्रशासनिक अमला दोहरे मापदंड क्यों अपना रहा है? संघ ने मांग की है कि क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष और एकसमान कार्रवाई की जाए। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि अन्य अतिक्रमणों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो प्रशासन द्वारा तोड़े गए गरीब परिवारों के चबूतरों को पूर्व स्थिति में वापस बनवाकर दिया जाए।

### पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का उत्साहपूर्ण समापन

# विद्यार्थियों ने सीखे टेंट पिचिंग, प्राथमिक उपचार के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़, गुना में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय समापन हुआ। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड के विभिन्न कौशलों के साथ अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा-भावना, नेतृत्व क्षमता और आपदा के समय उपयोगी जीवन-कौशल का प्रशिक्षण दिया गया।

समापन अवसर पर कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों का दीक्षा संस्कार कराया गया। वहीं कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों को उनके प्रशिक्षण के अनुरूप प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण-पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों में उत्साह और गौरव का भाव दिखाई दिया। पांच दिवसीय शिविर में लीडर ट्रेनर दिनेश यादव एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड से संबंधित



विभिन्न गतिविधियों का विधिवत प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व, सेवा और आत्मनिर्भरता से जुड़े महत्वपूर्ण गुर सीखे।

शिविर संयोजक नरेंद्र यादव, पीजीटी हिंदी ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही टेंट पिचिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाने तथा विषम परिस्थितियों में स्वयं को व्यवस्थित रखने जैसे व्यावहारिक कौशल भी सिखाए गए। चौथे दिन छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी टोली के अनुसार टेंट पिचिंग की तथा बिना बर्तन के भोजन के रूप में बाटी-चोखा तैयार किया। प्राचार्य, शिक्षकों और आमंत्रित अतिथियों ने टेंट का अवलोकन किया और बाटी-चोखा का स्वाद लेकर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एच.के. मीना ने स्काउट-गाइड प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल प्रशिक्षण गतिविधि नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर में सीखे कौशलों को दैनिक जीवन में अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

समापन समारोह में प्रशिक्षकों, विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। पांच दिनों तक चले इस शिविर ने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना का संचार हुआ।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में 374 परीक्षार्थी हुए शामिल



**राघौगढ़।** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राघौगढ़ में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट (NMMSS) परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा में कुल 374 परीक्षार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षार्थियों की यह संख्या जिले में दूसरे स्थान पर रही। परीक्षा को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष मनीष जैन एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष लक्ष्मण सिंह अहिरवार ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा में शामिल सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुंभराज में भाजपा मण्डल मृगवास की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई



**कुंभराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 7 अक्टूबर को गुना में 'सेवा ज्योति यात्रा' आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर संबोधित करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं संभाग संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खरे के शामिल होने की जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी कृष्ण भोला सोनी, मंडल अध्यक्ष राजाराम गुर्जर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चंदन भिलाला, मंडल महामंत्री पुरुषोत्तम भिलाला, मंडल उपाध्यक्ष सीताराम बैरागी, नमो इंडिया सेना प्रदेश सचिव शिवदयाल शर्मा, पूर्व मंडल महामंत्री जगदीश लोधा, वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा, रमेशचंद्र गुड्डू शिवहरे, कल्याण बैरागी, मांगीलाल लोधा, महेश बाल्मिकी, जावेद एवं शिवनारायण गुर्जर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोधी समाज की नई कार्यकारिणी गठित, दीपक लोधी बने अध्यक्ष

**आरोन।** लोधी समाज की बैठक में समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से दीपक लोधी को अध्यक्ष, प्रदीप लोधी एवं कमलेश को उपाध्यक्ष, कल्याण सिंह लोधी को सचिव, सोराव लोधी एवं करनसिंह को सह-सचिव, भगवत सिंह लोधी को कोषाध्यक्ष तथा कपिल लोधी एवं मोहनसिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूरनसिंह, पहलाद सिंह, रामनिवास, बाबूलाल, फौजदार, रामभरोसा, रमेश कुमार, राकेश, मोहनसिंह, अर्जुन सिंह एवं बल्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

### स्कूलों में शिक्षक नदारद, जर्जर भवनों में पढ़ रहे बच्चे

# कहीं शिक्षक अनुपस्थित मिले तो कहीं शौचालय बाथरूम की व्यवस्था बदहाल, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए की गई ग्राउंड रिपोर्ट में कई खामियां सामने आईं। कहीं शिक्षक विद्यालय से नदारद मिले तो कहीं जर्जर भवन में बच्चों की कक्षाएं संचालित होती मिलीं। स्कूलों में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली।



#### गेहूंखेड़ी हाई स्कूल में दो शिक्षक अनुपस्थित

5 अक्टूबर को दोपहर करीब 12:20 बजे शासकीय हाई स्कूल गेहूंखेड़ी में दो शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस दौरान शिक्षक सुंदरपुरा ग्राम के पास बीनागंज की ओर जाते हुए मिले। वहीं 15 अगस्त 2026 को राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा पुरस्कृत शिक्षक शर्मा भी विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान मनोज मीणा, दिव्या कपूर, ठाकुर खाखा तथा अतिथि शिक्षक संजीव मीणा और समीर कुरैशी विद्यालय में उपस्थित मिले। स्कूल के शौचालय और बाथरूम की साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। बाथरूम में कचरा भरा था। एक बाथरूम खुला होने के साथ उसके ऊपर छत भी नहीं थी।

प्राथमिक विद्यालय किशोर में दो शिक्षकों का स्टाफ है। दोपहर 12:32 बजे शिक्षक हरिभजन विश्वकर्मा विद्यालय में उपस्थित मिले, जबकि उनके साथी शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। उस समय विद्यालय में आठ छात्र-छात्राएं मौजूद थे। प्राथमिक विद्यालय रामपुरा का भवन भी जर्जर हालत में मिला। भवन की दीवारों में कई स्थानों पर दरारें हैं और जगह-जगह प्लास्टर चटक रहा है। इसके बावजूद भवन को अभी तक क्षतिग्रस्त घोषित नहीं किया गया है।बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षकों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उन्हें दालान में बैठाकर पढ़ाने की व्यवस्था की है। भवन में कई स्थानों पर दरारें इतनी स्पष्ट हैं कि किसी भी समय हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

### अतिक्रमण हटाकर ठेले किए व्यवस्थित, जाम से राहत की कवायद

**आरोन।** नगर में लगातार बन रही जाम की स्थिति और सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने कार्रवाई तेज कर दी है। वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुविभागीय अधिकारी मंजूषा खत्री के निर्देश पर रविवार, 4 अक्टूबर को नगर परिषद के अमले ने वार्ड क्रमांक 14 में शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। इसके बाद दास हनुमान मंदिर के आसपास सड़क किनारे लगने वाले फल-सब्जी के ठेले और गुमटियों को भी हटाकर निर्धारित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए गए। मंदिर क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर ठेले लगने से आवागमन प्रभावित हो रहा था और आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। इससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ बाजार आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## अधूरी कार्रवाई से संगठन असंतुष्ट, मांगें पूरी होने तक धरना जारी रखने का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

वरवटपुरा में करीब एक बीघा सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण और निर्माण के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं सकल हिंदू समाज का अनिश्चितकालीन धरना 24 घंटे बाद भी जारी रहा।

संगठन की ओर से प्रशासन से संबंधित मामलों में ठोस कार्रवाई की मांग की जा रही है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया है। कार्यकर्ताओं ने उक्त स्थान पर कथित रूप से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नगर परिषद के आदेश के बावजूद संबंधित भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।

इसके अलावा संगठन द्वारा वैसाबला गांव में वन विभाग की भूमि पर कथित रूप से किए गए मस्जिद निर्माण को हटाने की भी मांग की जा रही है। इन्हीं मांगों को लेकर संगठन एवं सकल हिंदू समाज की ओर से अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है।

## 82 वर्षीय बुजुर्ग ने लगाई 3 किमी की दौड़, मैराथन में रहे प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर पेंशनर संघ द्वारा रविवार को सैनी समाज धर्मशाला में सम्मान समारोह एवं मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान पेंशनर संघ के वरिष्ठ सदस्यों सहित अन्य समाजसेवियों ने तीन किलोमीटर की दौड़ में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दौड़ में शामिल 48 वरिष्ठ एवं अन्य सदस्यों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कैलाश सुमन सहित पेंशनर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। शहर के मुख्य मार्गों पर आयोजित तीन किलोमीटर की दौड़ करीब 45 मिनट तक चली। खास बात यह रही कि 82 वर्षीय पीसी गुप्ता ने दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह को संबोधित करते हुए पेंशनर संघ के अध्यक्ष आरबीएस परिहार ने कहा कि संघ के पिछले सात माह के अभिनव प्रयासों से मिनी मैराथन का आयोजन संभव हुआ। उन्होंने कहा कि उम्र केवल एक संख्या है और वरिष्ठ नागरिकों का उत्साह समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। परिहार ने बताया कि पेंशनर संघ द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नगर में जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

## पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रायोगिक शिक्षा जरूरी : मुनि श्रमण सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

हिंदूपत पब्लिक स्कूल राघौगढ़ में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरक एवं मार्गदर्शन प्रवचन का आयोजन किया गया। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के शिष्य एवं ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ज्ञानार्जन के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान भी प्राप्त करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। जीवन में जो लक्ष्य निर्धारित करें, उस पर अडिग रहें और आत्मविश्वास के साथ निरंतर मेहनत करें। लक्ष्य के प्रति लगन और दृढ़ता से कार्य करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है।कार्यक्रम में विधायक जयवर्धन सिंह ने मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के चरणों में श्रीफल भेंट कर चरण प्रक्षालन किया। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय परिवार का सौभाग्य है कि मुनिश्री के चरण शिक्षा के इस मंदिर में पड़े हैं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कई उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

### 7 अक्टूबर को निकाली जाएगी यात्रा

## सेवा ज्योति कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले की तीनों विधानसभाओं अशोक नगर मुंगावली चंदेरी के सभी 17 मंडलों से 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा जिला मुख्यालय पहुंचेगी जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि सेवा ज्योति कलश यात्रा की तैयारीयों को लेकर सोमवार को स्थानीय सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय में अशोकनगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने बताया कि सेवा ज्योति कलश यात्रा सुबह 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित विमान के चबूतरा पछाड़ी खेड़ा पर पहुंचेगी जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रातः 09.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात यात्रा अपने-अपने मंडलों में प्रस्थान करेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता जिले के तीनों विधानसभाओं के प्रत्येक मंडल के प्रत्येक बूथ से कम से कम 10 केंद्र, राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अपने साथ टू व्हीलर, मोटरसाइकिल के माध्यम से लेकर आएंगे और कार्यक्रम स्थल विमानों के चबूतरा पर प्रातः 9 बजे तक एकत्रित होंगे। जहां जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## पं. कपिल कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया रुक्मणी विवाह का प्रसंग

**पिपरई।** लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को कथा वाचक पंडित कपिल कृष्ण शास्त्री ने रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की कथा श्रद्धा और उत्साह के साथ सुनी। कथा वाचक ने बताया कि माता रुक्मणी ने देवर्षि नारद के मुख से भगवान श्रीकृष्ण के रूप, गुण और महिमा का वर्णन सुनकर उन्हें मन ही मन अपना पति मान लिया था। वहीं उनके भाई रुक्मी ने उनकी इच्छा के विरुद्ध शिशुपाल से विवाह तय कर दिया। इसके बाद रुक्मणी जी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर उन्हें विवाह से पूर्व अपने साथ ले जाने का आग्रह किया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी जी को माता कात्यायनी के मंदिर से अपने रथ पर बैठाकर द्वारका ले गए, जहां विधि-विधान से दोनों का विवाह संपन्न हुआ। कथा के दौरान राष्ट्रीय संत श्री शिव कुमार पंडित जी, पिपरा वालों का भी आगमन हुआ। उन्होंने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का संचार किया।

## 4 छात्र-छात्राएं जाएंगे पेंच अभ्यारण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय उत्कृष्ट उमावि अशोकनगर में जिला स्तरीय मोगली बाल उत्सव-2026 का आयोजन 5 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में आए समस्त छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता की शुरुआत नोडल अधिकारी बी.के बामोरिया प्राचार्य शास. उत्कृष्ट उ.वि. अशोकनगर एवं क्विज मास्टर सीमा चावला मा. शि., नविता जैन उ.मा. शि., योगेश शर्मा प्रा.शि. ने दीपा प्रज्वल कर की। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता से पूर्व समस्त विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई थी, जिसमें प्रत्येक विकासखंड से विजेता टीम कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5 से 8) एक छात्र एवं एक छात्रा तथा वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 12) वर्ग से एक छात्र एवं छात्रा को जिला स्तरीय प्रतियोगिता होना था। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं से विज्ञान, पर्यावरण, जैव विविधता आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिसमें निर्णायक के रूप में यशवंत दामले मा.शि.,हेमंत दुबे उ.मा.शि., रामबाबू कुशवाह मा.शि. उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौतम कौशल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गोपाल दास प्रा.शि., मुकेश शर्मा मा. शि. ने कार्यक्रम में रहकर सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में चंदेरी विकासखंड के छात्रों की टीम विजेता रही। जिसकी ओर से सोनू प्रजापति शासकीय उ.मा. वि. चंदेरी, सुहानी श्रीवास्तव शास. उत्कृष्ट उ.मा. वि. चंदेरी ने प्रतिभागिता की। जबकि कनिष्ठ वर्ग में अशोकनगर विकासखंड के छात्रों की टीम विजेता रही, जिसकी ओर से मुस्कान शास. उ.मा.वि.नारायणपुर, दीपेश शास. संदीपनी उ.मा.वि. अशोकनगर ने प्रतिभागिता की। उक्त विजेता चारों छात्र-छात्राएं पेंच अभ्यारण्य के लिए जाएंगे। इसके अलावा वरिष्ठ वर्ग में महेश नायक शास. उ.मा.वि. सेहराई, रितिका कलावत पीएमश्री शास. कन्या उ.मा.वि. मुंगावली, सक्षम अहिरवार शास. उमावि तूमैन, राधिका सेन शास. उत्कृष्ट उमावि अशोकनगर, काजल जाटव, शास. उमावि पारसौल, शिवराज कुशवाह शास. उमावि कदवाया ने भाग लिया। इसी प्रकार कनिष्ठ वर्ग में अवतार शास. उमावि भोपाल मुंगावली, चेल्सी राजपूत शास.उमावि सांवलहेड़ा मुंगावली, विवान कोली शास.मॉडल उमावि चंदेरी, दीपिका श्रीवास्तव शास. उमावि मॉडल चंदेरी, सुहाना लोधी ने प्रतिभागिता की।

## बरबाह गांव में एक मकान से डीएपी खाद की 52 बोरियां मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के मुंगावली क्षेत्र के ग्राम बरवाह में प्रशासन ने सूचना मिलने के बाद एक निर्माणाधीन मकान के अंदर से डीएपी खाद की 52 बोरियां जप्त की हैं। बोरियों पर लाट नंबर अंकित नहीं है जिससे नकली होने की आशंका जताई जा रही है, यह कार्यवाही तहसीलदार कैलाश मालवीय के नेतृत्व में पहुंची टीम द्वारा की गई है।

एक ओर लोगों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है, दूसरी और अगर खाद असली है तो एक साथ 52 बोरियों का स्टॉक कैसे किया गया। यह मकान राजौ बाई पत्नि फूल सिंह का होना बताया गया है। यह खाद मिलने के बाद कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, इन बोरियों पर पैकिंग वर्ष 2025 लिखा है जिन्हें प्रशासन ने जप्त कर मुंगावली तहसील कार्यालय में रखवाया है। इस दौरान प्रशासन की टीम द्वारा जब महिला से पूछताछ की गई तब महिला ने बताया कि रतभानपुर गांव के किसी व्यक्ति द्वारा यह खाद उसके मकान में रखबाई गई है, लेकिन अभी खाद की जांच होना बांकी है कि यह खाद असली है या नकली, इसे जांच के लिए ग्वालियर लैब भेजा जा रहा है। तहसीलदार कैलाश मालवीय का कहना है कि महिला द्वारा जिन लोगों के नाम बताए गए हैं उसकी जांच कर संबंधित लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## ओल्ड इज गोल्ड यह नियम हर जगह लागू नहीं होता : मुनि निरंजन सागर

**जो वर्तमान में जीता है वही वर्धमान बन पाता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइंस ऑफ लिविंग के इस सत्र में मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने कहा कि एक अंग्रेजी की कहावत है ओल्ड इज गोल्ड। यह नियम हर जगह लागू नहीं होता। जिस दवा की उपयोगिता की सीमा निकल चुकी है अब क्या वह दवाई का काम करेगी? नहीं न। ठीक इसी प्रकार से हर पुराना विचार सही हो, यह आवश्यक नहीं है और हम जिसे पुराना कह रहे हैं, उस समय वह भी नया था और उस समय के हिसाब का ही था।

उन्होंने कहा कि इसलिए आचार्यों ने जैन दर्शन की विराटता में सबसे महत्वपूर्ण बात रखी वर्तमान में जीवन जीना। जो वर्तमान में जीता है वही वर्धमान बन पाता है। आपका कोई पुराना विचार आप जिसे सही मानते हैं परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हो सकता है वह सही न हो। कहावत भी है न बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर, पंथी को छाया नहीं फल लागै अति दूर। बड़ा अर्थात पुराना कोई भी विचार है अगर वह विचार खजूर के पेड़ की भांति है, जिससे वर्तमान में लागू करने में कोई भी प्रयोजन सिद्ध नहीं हो रहा है, तो ऐसा विचार औचित्यहीन है। और ऐसे औचित्यहीन विचारों को हम मात्र पुराना होने के कारण जबरन दूसरों पर लाद देवें यह ठीक नहीं है। इससे संघर्ष और अराजकता का वातावरण ही बढ़ेगा। आज विश्व में जो त्राही-त्राही मची हुई है, उसका सबसे बड़ा कारण है अपनी विचार शैली को दूसरों पर थोपना।

इस बात पर हमारा एक प्रश्न है ऐसे लोगों से की क्या वह स्वयं इन विचारों के अनुरूप स्वयं का जीवन जी रहे हैं। अगर हम स्वयं के जीवन में उन विचारों को उतारने में असमर्थ हैं और दूसरों से जबरन उन विचारों का, नियमों का पालन करवाना चाहते हैं तो यह अनैतिक है। यह कार्य तो अंग्रेजी शासन जैसा ही हो जायेगा। अंग्रेजों ने भारत में लॉ एण्ड आर्डर के नाम पर कानून बनाये और स्वयं कभी भी लॉ एण्ड आर्डर का पालन नहीं किया।

## क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के चुनाव में सर्वाधिक मत नीरज सोनी को मिले



**अशोकनगर।** श्री गणेश मंदिर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के निर्वाचन संपन्न हुए ।रविवार को श्री गणेश मंदिर परिसर में प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ मतगणना शाम 5 बजे से शुरू हुई जो रात्रि 11 बजे तक चलती रही जिसमें सर्वाधिक वोट नीरज सोनी को प्राप्त हुए। साथ में 16 अन्य समाज के लोग सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए सभी निर्वाचित सदस्यों को समाज जनों ने ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दी है। जो कार्यकारिणी के लिए 17 सदस्य चुने गए हैं उनमें नीरज सोनी 173, अमित सोनी पाठखेडा 169, मनोज सोनी 168, गोकुल सोनी 164, स्वदेश सोनी 162, राजेश सोनी,163 अजय सोनी गोरा 161, राजेश सोनी पाठखेडा 156, सूरज सोनी 154, अमित सोनी पठा वाले 152, अनिल जरिया, 148, मनीष सोनी 148, देवेन्द्र सोनी वकील 146, गजेश सोनी 145, लक्ष्मीनारायण सोनी पीटीआई 145, अजय सोनी शिक्षक 141, और आकाश सोनी 140 को मत प्राप्त हुए। इन सदस्यों के द्वारा आगामी समय में नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील कुरवाई, जिला- विदिशा म.प्र.

प्र.क.-0002/अ-20(5)/2026-27
कुरवाई, दिनांक 23.09.2026
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद कुरवाई जिला विदिशा .....आवेदक
विरूद्ध
मध्य प्रदेश शासन .....अनावेदक

// विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कस्बा कुरवाई में गीता भवन स्थापना हेतु कस्बा कुरवाई स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 525/1/1 रकबा 0.230 हे. भूमि के आवंटन की मांग मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद द्वारा चाहे जाने हेतु म.प्र. नजूल निर्वतन निर्देश 2020 में विहित प्रावधान के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका आवंटन प्रकरण इस न्यायालय में गतिशील है। अतः उक्त प्र-करण के संबंध किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 08.10.2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। विहित अवधि उपरांत प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
तहसील कुरवाई

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम सिहोरा निवासी रवि पुत्र गुडडा कुशवाह उम्र 35 साल ने अपने ही घर के आंगन में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मगृ का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### बाईक की टक्कर से युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत महुआलमपुर निवासी राजासिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडए 9975 के चालक ने चंदेरी के रोड़ पर ग्राम डंगोरा फूट पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के दो मामल दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के दो मामले अलग अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत मेघा ड्रीम सिटी कॉलोनी निवासी विवेक रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने चार ट्रांजेक्शन 32500 रूपए अपने खातों में डलवा कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इसी प्रकार जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी अभिषेक पटेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने ऑनलाइन लिंक के जरिए 26200 रूपए धोखाधड़ी पूर्वक खाते से निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

माधव नेशनल पार्क शिवपुरी से जांच दल आया, कई तेंदुओं के मामले पहले भी आ चुके हैं सामने

# अवैध शिकार के फंदे में फंसा तेंदुआ, दर्दनाक मौत, वन विभाग और पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

वन विभाग क्षेत्र के निदानपुर गांव के पास एक 4 से 5 साल के तेंदुए का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चंदेरी-पिछोर मार्ग से महज आधा किलोमीटर दूर निदानपुर रोड से सटे एक खेत में जानलेवा फंदा लगा हुआ था, जिसमें फंसकर तेंदुए की तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी रितिका यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सील कर गहन जांच शुरू की। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में जंगली सूअर का शिकार करने की नीयत से यह फंदा बिछाया गया था,जिसकी चपेट में यह बेजुबान तेंदुआ आ गया।

माधव नेशनल पार्क से पहुंची डॉग स्क्वाड, फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे जा रहे सैंपल घटना की गंभीरता को देखते हुए माधव नेशनल पार्क से विशेष डॉग स्क्वाड की टीम को मौके पर बुलाया गया। डॉग स्क्वाड ने घटनास्थल के आसपास गहन सर्चिंग कर आरोपी की लोकेशन का सुराग लगाने का प्रयास किया। इसके साथ ही,मामले की सूक्ष्मता से जांच के लिए फॉरेंसिक लैब को सैंपल भेजे जा रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट और पोस्टमार्टम के आधार पर आरोपियों पर शिकंजा कसा जाएगा।





**अवैध शिकार और फंदा लगाने वालों पर कसेगी कमर**

हालांकि वन विभाग की सतर्कता के चलते पूर्व में कई तेंदुओं को सुरक्षित रेस्क्यू भी किया गया है, लेकिन खेतों में चोरी-छिपे फंदे लगाने वालों के खिलाफ अब निर्णायक कार्रवाई की तैयारी है। गैर-जमानती अपराध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत तेंदुए जैसे संरक्षित वन्यजीव का शिकार या फंदा लगाना गंभीर गैर- जमानती अपराध है।

### बार-बार दोहराई जा रही लापरवाही

हरी-भरी पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरे चंदेरी क्षेत्र में वन्यजीवों की लगातार आवाजाही रहती है। इसके बावजूद बीते कुछ समय में 3 से 4 तेंदुओं की अप्राकृतिक मौत होना बेहद चिंताजनक है। इससे पहले पड़ोसी गांव सिंहपुर में भी इसी तरह फंदा लगाकर तेंदुए को मौत के घाट उतारा गया था। यदि समय रहते किसी की नजर इस तेंदुए पर पड़ जाती,तो शायद इसकी जान बचाई जा सकती थी।

### कठोर कार्रवाई की चेतावनी

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि फंदा लगाने वाले आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों को सख्त जेल की सजा के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों से अपील यदि कोई भी व्यक्ति खेत या जंगल की सीमा पर तार या फंदा लगाता दिखता है, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

### वन्यप्राणी तेंदुआ के शिकार में अपराधियों की गिरफ्तारी।

वनमण्डल अशोकनगर के वन परिक्षेत्र चन्देरी में सोमवार को प्रातः 07 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वन परिक्षेत्र चन्देरी अन्तर्गत वन बीट सिंहपुरत ताल के वनकक्ष क्रमांक आर.एफ.133 के समीपस्थ लगे राजस्व क्षेत्र में एक खेत में मृत तेंदुआ की सूचना प्राप्त होने पर वन अमले द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौका स्थल पर पहुंचकर मृत तेंदुआ की निगरानी की गई। इस घटनाक्रम से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। प्रथम दृष्टया तेंदुआ की मृत्यु कमर में फन्दा लगा होने से होना परिलक्षित हुआ। वन अमले द्वारा खेत के मालिक का पता लगाकर उनसे पूछताछ की गई। माधव टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वायड दल दवारा क्षेत्र की छानबीन की गई तथा अपराधी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें न्यायालय द्वारा अपराधी को न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अशोकनगर जिले के पशुचिकित्सा अधिकारियों द्वारा मृत तेंदुआ का शव परीक्षण किया गया। खेत मालिकों द्वारा फन्दा अथवा झटका मशीन लगाये जाने से वन्यजीव उसमें फस जाते हैं। वनविभाग द्वारा वनक्षेत्र के समीपस्थ लगे खेतों के मालिकों से जानवरों को पकड़ने हेतु फन्दा अथवा झटका मशीन नहीं लगाये जाने की अपील की गई। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मृत तेंदुआ का अंतिम संस्कार विधिवत रूप से किया गया।

### इनका कहना है

घटनास्थल की मार्किंग कर माधव नेशनल पार्क की डॉग स्क्वाड टीम से सर्चिंग कराई गई है। फॉरेंसिक जांच हेतु सैंपल भेजे जा रहे हैं। खेत में जानलेवा फंदा लगाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**रितिका यादव,** वन परिक्षेत्र अधिकारी, चंदेरी

## शाढ़ौरा में कांग्रेस का कुनबा बढ़ा



**शाढ़ौरा।** कांग्रेस संगठन को शाढ़ौरा ब्लॉक में उस समय मजबूती मिली, जब ब्लॉक के कई युवा साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के साथ जुड़ने का निर्णय लिया। सदस्यता कार्यक्रम बाबा साहब जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में, अशोकनगर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह की मौजूदगी तथा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामू रघुवंशी, संस्कार भार्गव, ऋषि रघु (सेमरी शाहबाद), शशांक रघु (सेमरी लोहाबाद), धर्मेंद्र रघु (किरोंदा), विशाल रघुवंशी, लल्लन रघु, अनुराग रघु (खेजरा खुर्द), श्रीराम साहू (शाढ़ौरा), आदित्य साहू, अर्जुन रघुवंशी, प्रशांत अहिरवार वंश शर्मा और दीपक रघुवंशी सहित अनेक युवा शामिल रहे।

# विद्यार्थी परिषद ने शिक्षकों के सम्मान में एनएसयूआई की टिप्पणी जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शैक्षणिक संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप तथा शिक्षकों के सम्मान से जुड़े कथित आपत्तिजनक वक्तव्य के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अशोकनगर द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई का पुतला दहन कर और पुतले को चप्पलों की माला पहनाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यार्थी परिषद के के गुना-अशोकनगर विभाग संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया कि एक ओर एनएसयूआई शैक्षणिक संस्थानों के राजनीतिकरण को बंद करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर स्वयं राजनीतिक कार्यकर्ताओं और अपनी पेरेंट्स संगठन कांग्रेस के साथ शिक्षण संस्थानों से जुड़े विषयों को लेकर प्रदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक संस्थानों की गरिमा, विद्यार्थियों के हित और शिक्षकों के सम्मान के लिए आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत गुरु-शिष्य परंपरा की भूमि है और हमारी संस्कृति में गुरु को सदैव सम्मान का स्थान दिया गया है। ऐसे में शिक्षकों के प्रति किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या अपमानजनक भाषा का प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण है।




प्रदर्शन के दौरान आरएसएस के खिलाफ लगाए गए नारों पर उन्होंने कहा कि "आरएसएस मुर्दाबाद" के नारे लगाने वालों को पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाकर देखना चाहिए कि आरएसएस क्या है और उसकी विचार एवं कार्यपद्धति क्या है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति विशेष की राजनीति नहीं करता, बल्कि राष्ट्र और समाज को केंद्र में रखकर कार्य करता है। संघ भारत माता को अपना आराध्य मानने वाला और भगवा ध्वज के प्रति श्रद्धा रखने वाला संगठन है। उन्होंने कहा, "आरएसएस को मुर्दाबाद कहने से पहले संघ को जानिए, उसकी शाखा में जाकर देखिए। केवल राजनीतिक विरोध के कारण किसी संगठन के बारे में नारे लगाना उचित नहीं है।" प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने"एनएसयूआई हाय-हाय",एनएसयूआई मुर्दाबाद", "एनएसयूआई शर्म करो", "शिक्षकों के सम्मान में एबीवीपी मैदान में" तथा "कांग्रेस की नैया किसने डुबाई एनएसयूआई, एनएसयूआई" जैसे नारे लगाए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई का पुतला दहन किया। प्रदर्शन में विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब को लेकर महोली के ग्रामीणों में दिखा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सागर में शराब कांड से हुई मौतों के बाद अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील अंतर्गत ग्राम महोली के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। गांव को पूरी तरह से शराब मुक्त बनाने के संकल्प के साथ एकजुट हुए ग्रामीणों ने अवैध रूप से शराब सप्लाई करने आई एक बोलेरो गाड़ी को रंगे हाथों धर दबोचा।

### गांव-गांव पेटियां खपा रहे थे तस्कर

ग्रामीणों के अनुसार, बोलेरो वाहन में शराब की पेटियां भरी हुई थीं और उसमें सवार लोग गांव-गांव जाकर अवैध रूप से शराब की सप्लाई कर रहे थे। सागर हादसे से सबक लेते हुए सतर्क ग्रामीणों ने घेराबंदी कर इस वाहन को रोक लिया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने पूर्व में ईशागढ़ थाना अंतर्गत महोली चैकी प्रभारी को एक लिखित और मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में स्पष्ट तौर पर अवैध रूप से बिक रही शराब को बंद करवाने की मांग की गई है जिसमें कहा गया है कि गांव में गणेश पाल, सुरेश ओझा एवं अन्य स्थानों पर अवैध शराब का व्यापार बेखौफ चल रहा है, जिसे तुरंत पूर्णतः बंद कराया जाए। आवेदन पत्र के माध्यम से




समस्त महोली ग्रामवासियों ने पुलिस- प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि गांव में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह बंद नहीं कराई गई, तो ग्रामीण स्वयं आगे आकर शराब दुकानें बंद करवाएंगे। इस दौरान यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इसके साथ ही ग्रामीणों ने रानी अवंती बाई चैराहे पर धरना प्रदर्शन करने का अल्टीमेटम भी दिया है। फिलहाल, ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब से भरे वाहन को पकड़े जाने और पुलिस को अल्टीमेटम दिए जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

# लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर एसपी ने ली अपराध बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के समस्त एसडीओपी, थाना एवं चैकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के निराकरण, जनसुनवाई, साइबर अपराध एवं आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा, एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा सहित समस्त थाना एवं चैकी प्रभारी उपस्थित रहे।




### सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी

- लंबित एवं गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, विवेचना पूर्ण कर लंबित चालानों का समय पर न्यायालय में प्रस्तुतिकरण किया जाए।
- मर्ग प्रकरणों की निर्धारित समय-सीमा में जांच पूर्ण कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।
- गुम इंसान एवं गुम/लापता बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु सीसीटीवी, मोबाइल एवं अन्य तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करें तथा ऑपरेशन मुस्कान को प्रभावी रूप से संचालित करें।
- न्यायालयीन प्रकरणों में लंबित चालान, समंस-वारंट तामीली एवं अभियोजन से समन्वय की नियमित समीक्षा करें।
- महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित पुलिस सहायता, शीघ्र गिरफ्तारी एवं समयबद्ध विवेचना की जाए।
- हिस्ट्रीशीटर, गुंडा-बदमाश, जिलाबदर एवं आदतन अपराधियों की निगरानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही बढ़ाते हुए आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रभावी गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था की जाए।
- मादक पदार्थ, अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें तथा कॉम्बिंग गश्त में वारंटियों, सक्रिय अपराधियों एवं होटल-ढाबों की चेकिंग करें।
- साइबर अपराधों में साइबर क्राइम पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए सीसीटीएनसी ई-साक्ष्य, ई-रक्षक एवं आइसीजे जैसी तकनीकों का अधिकतम उपयोग करें।
- सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर एवं शिकायत आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।
- एससी/एसटी प्रकरणों में शीघ्र राहत राशि तथा साइबर फ्रॉड मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत होल्ड राशि दिलाने की कार्यवाही करें।
- यातायात एवं सड़क सुरक्षा के लिए नियमित वाहन चेकिंग, नियम उल्लंघन पर कार्यवाही तथा राहवीर योजना एवं पीएम राहत योजना का प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता बढ़ाएं।
12. पुलिस मुख्यालय एवं पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन के निर्देशों एवं अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।
13. पुलिस बल की दक्षता बढ़ाने हेतु सीपीआर प्रशिक्षण तथा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को बलवा ड्रिल एवं अश्रुगैस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक बल की सहभागिता की जाए।
14. सभी थाना प्रभारियों को थानों को आईएसओ स्तर पर अपग्रेड करने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### कार ने ऑटो चालक और बाईक में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** अशोकनगर थूवोन रोड़ पर ग्राम मनकपुर के समीप एक कार के चालक ने सामने से आ रही एक बाईक और एक ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो चालक सुनील अहिरवार व बाईक चालक अभिषेक घायल हो गए। इस घटना में ऑटो चालक के पैर में चोटे आई हैं और हाथ की हडडी टूट गई है। जबकि अभिषेक अहिरवार जो मोहरी तारई का निवासी है वह अपने भाई के साथ आ रहा था तथा पीछे बैठा हुआ था। बाईक चालक को कोई चोटे नहीं आईं। कार चंदेरी से अशोकनगर की ओर आ रही थी, घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया।

### जुए के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने जुए के दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। पहला मामला आरोन रोड़ के खाली प्लाट का है, जहां ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए नरेन्द्र साहू,सौरभ साहू, रामपाल यादव, विशाल वंशकार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 1400 रूपए जप्त किए गए है। इसी प्रकार शंकरपुर मगरदा में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आकाश चंदेले, रविन्द्र साहू, अंशुल साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जिनके पास से भी पुलिस ने ताश की गडडी और 1400 रूपए जप्त किए हैं।

चंदेरी में आयरलैंड की पर्यटक ने मनाया जन्मदिन

## रामनगर तालाब पर पिकनिक का आयोजन विभिन्न देशों के पर्यटकों ने लिया हिस्सा

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी हर दिन अपने नए अनुभवों और अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से देश-विदेश के पर्यटकों की पसंद बनती जा रही है। इसी क्रम में आयरलैंड की पर्यटक जोआन ने चंदेरी प्रवास के दौरान अपना जन्मदिन साथ आए विदेशी पर्यटकों के बीच होटल में उत्साह और खुशी के साथ मनाया।



इस अवसर पर न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड और स्कॉटलैंड से आए पर्यटक भी मौजूद रहे। ग्रुप लीडर अंकिता जी ने जोआन के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए रामनगर तालाब पर विशेष पिकनिक का आयोजन किया। प्राकृतिक वातावरण के बीच हुए इस आयोजन में पर्यटकों ने आपस में खुशियां साझा कीं और जन्मदिन का जश्न मनाया। अचानक आयोजित किए गए इस सरप्राइज कार्यक्रम से जोआन सहित सभी पर्यटक बेहद उत्साहित नजर आए। जोआन ने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए ग्रुप लीडर अंकिता, साथ आए सभी पर्यटकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रशासन ने कलश यात्रा के आयोजन को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के पुरानी गल्ला मंडी अशोकनगर में किया गया है। वृहद आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा की सेवा ज्योति कलश यात्रा तीनों विधानसभाओं से निकलकर जिला मुख्यालय पर पहुंचेगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन ऑनलाइन होगा। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल, यातायात, पार्किंग, मंच व्यवस्था बैठक व्यवस्था, बैरिकेट्स की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए जिले की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में सुधार लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएं।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। उन्होंने अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गतिविधियों के फोटो, वीडियो पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। सेवा की कहानियां हितग्राहियों की प्रेरणादायी विभागों द्वारा पोर्टल पर अपलोड कराई जाएं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में नमों सेवा गतिविधियों के अंतर्गत स्कूलों एवं कॉलजों में की गतिविधियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि आयोजित किये जा रहे नुक्कड नाटकों के वीडियों एवं फोटो निधार्रित पोर्टल पर अपलोड कराये जाएं। महिला एवं बाल विकास के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। सेवा मेरा योगदान अभियान 10 अक्टूबर तक जिले में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न का आयोजन किया जा रहा है।

### प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की गई

बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों से आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी शिविर में हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राहियों का चिन्हांकन कर अधिक से अधिक लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। शिविर दिवस पर अधिकारियों द्वारा शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में केन्द्रीय मंत्री की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति,समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

### सोयाबीन भावांतर पंजीयन, मुख्यमंत्री जन विश्वास व सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय में निराकरण नहीं होने व लंबित शिकायतों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माने के निर्देश

**छापीहेड़ा व संडावता पर कलेक्टर की सख्ती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान तहसीलदार छापीहेड़ा एवं नायब तहसीलदार संडावता से संबंधित शिकायतें समय-सीमा बाह्य पाए जाने पर दोनों पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ई-अटेंडेंस एवं सार्थक ऐप पर दर्ज उपस्थिति की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की नियमित निगरानी की जाए तथा ई-अटेंडेंस व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।

**भावांतर पंजीयन में किसानों को मिले आवश्यक जानकारी और सुविधा**

▶▶ बैठक में 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किए जा रहे सोयाबीन भावांतर पंजीयन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मंडियों में किसानों एवं व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर भावांतर योजना के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दें। उन्होंने पात्र किसानों के पंजीयन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

▶▶ **आरटीई की जानकारी लंबित रखने पर कारण बताओ नोटिस के निर्देश**
शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में वर्ष 2024-25 की आरटीई संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने पर डीपीसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

▶▶ **मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए अब तक की गई गतिविधियों एवं विभागीय प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों अभियानों के माध्यम से शासन की योजनाओं, सेवाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाया जाए।

▶▶ **निर्वाचन संबंधी कार्यों में तत्परता के निर्देश**
कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

▶▶ **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व अधिकारियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली**
बैठक के अंत में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व सभी जिलाधिकारियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के उद्देश्य एवं निर्धारित गतिविधियों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई।

### कोटवार संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

# 2 से विरोध जारी, 22 से काम बंद, 30 से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भिलाला के नेतृत्व में सोमवार को कोटवारों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। संघ ने कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके कोटवारों को योग्यता के अनुसार सहायक पटवारी, भृत्य, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 एवं अन्य समकक्ष पदों पर पदोन्नति का लाभ देने की मांग की। साथ ही भविष्य की भर्तियों में कोटवारों को आरक्षण देने की मांग रखी। ज्ञापन में सेवा भूमि का स्वामित्व पुनः कोटवारों के नाम दर्ज करने, भूमिधारी कोटवारों को भी प्रतिवर्ष 500 रुपए मानदेय वृद्धि देने, सीयूजी सिम उपलब्ध कराने तथा वर्दी की राशि पूर्व की तरह सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराने की मांग की गई। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी आदेश निरस्त करने, मृतक कोटवार के परिवार को 10 लाख रुपए अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति राशि 5 लाख रुपए करने की मांग भी रखी गई।

संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 2 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध किया जाएगा। 22 अक्टूबर से जिला स्तर पर धरना और काम बंद आंदोलन तथा 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। यापन देने वालों में रंगलाल वर्मा, मनीष भिलाला, देवकरण बागरी, राधेश्याम नागर, भगीरथ वर्मा, राजेश भिलाला सहित कोटवार मौजूद थे।

### माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं उत्साहित

# कन्या कबड्डी टीम को समाजसेवियों ने दी टी-शर्ट



**अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर के समाजसेवी अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर की कबड्डी टीम की छात्राओं को टी-शर्ट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने छात्राओं को खेलों में निरंतर आगे बढ़ने तथा अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। टी-शर्ट मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया।

विद्यालय परिवार ने अरविन्द गुप्ता एवं नीरज सोनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम नागरिकों द्वारा शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने से उनका मनोबल बढ़ता है। इस तरह की पहल अन्य सामाजिक संगठनों और नागरिकों को भी छात्रहित में सहयोग के लिए प्रेरित करती है।विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी शिक्षा, खेल एवं छात्रहित के कार्यों में समाजसेवियों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# हेलमेट रैली में पुलिस ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश, हेलमेट पहनकर पहुंचे बाइक सवारों का पुलिस ने माला पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सारंगपुर-पचोर पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया। सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी एवं पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में स्कूली बच्चे हाथों में हेलमेट लेकर शामिल हुए और वाहन चालकों से 'हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं' का संदेश दिया। पचोर में आयोजित रैली में लायंस क्लब के पदाधिकारी, स्कूली बच्चे, शिक्षक और थाना स्टाफ शामिल हुआ। वहीं सारंगपुर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बच्चों ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस ने बताया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना के दौरान सिर को गंभीर चोट से बचाने और जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

**बच्चों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की**




**चालान के डर से नहीं, परिवार के लिए पहनें हेलमेट**

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पुलिस के डर या चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा के लिए पहनें। सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. आई. अंसारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हेलमेट पहनना आदत के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी बनना चाहिए। बच्चों के माध्यम से यह संदेश घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

**वाहन चालकों की हौसला अफजाई की गई**

रैली के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले 10 से अधिक बाइक सवारों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोककर माला पहनाकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ने वाहन चालकों की हौसला अफजाई की। पुलिस का उद्देश्य हेलमेट पहनने वालों को प्रोत्साहित करना और अन्य वाहन चालकों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर लायंस क्लब के डॉ. पीएस परमार, दिलीप सोनी, सचिव राकेश वर्मा सहित क्लब पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, बच्चे और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# फूलसिंह लोधा पांजरी जिला किसान कांग्रेस सचिव नियुक्त



लखनवास। समीपस्थ गांव पांजरी के किसान नेता फूलसिंह लोधा को जिला किसान कांग्रेस राजगढ़ में सचिव के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, नरसिंहगढ़ विधायक गिरीश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रसिंह सौंधिया के अनुमोदन पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी ने की है। फूलसिंह के सचिव बनने पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता और ईष्टमित्रों ने बधाई दी।

# सेवा संकल्प अभियान में सेवा सेतु शिविर आवेदन पर त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर परिषद में सेवा सेतु शिविर सरकार आपके द्वार आयोजित किया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं विशेष अतिथि पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न विभागों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का नागरिकों को त्वरित लाभ प्रदान करना रहा , शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल एवं हेल्प डेस्क स्थापित किए गए जहां नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आवेदन प्राप्त किए गए। इस शिविर में 102 आवेदन ऑनलाइन पंजीयन कर



उनका निराकरण किया गया , शिविर में मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत 0 6 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राही और लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत 02 हितग्राही कुल 11 हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा शिविर में ही तुरंत लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद शिवचरण मंडलोई, गिरिराज जुलानिया, पूरीलाल दांगी, कुशल कुशवाह, कमल झावा, प्रभुलाल गुर्जर आदि जनप्रतिनिधि सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी , उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ओंकार लाल मंडलोई , विशाल दांगी , कमल भावसार सहित बड़ी संख्या में हितग्राही व महिला बाल विकास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका मौजूद रही।

# सेवा संकल्प अभियान 2026 में नेत्र शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत "सेवा मेरा योगदान" की भावना को साकार करते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर, जिला चिकित्सालय राजगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखनवास, सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ एवं सिविल हॉस्पिटल सारंगपुर में किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना तथा मोतियाबिंद के कारण अंधता की रोकथाम करना है। शिविर में आने वाले मरीजों की नेत्र जांच, दृष्टि परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। जांच के दौरान मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उचित परामर्श दिया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जाएगा। "सेवा मेरा योगदान" के संदेश के साथ आयोजित यह अभियान समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और "स्वस्थ दृष्टि, स्वस्थ समाज" के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 17 को निकालेंगे 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा, तैयारियां तेज

# नवरात्रि पर आस्था का महासंगम, हिंदू उत्सव समिति निकालेगी चुनरी यात्रा

**हिंदू उत्सव समिति ने पुष्पा पंवार को बनाया संयोजक मातृशक्ति को सौंपी कमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में नवरात्रि पर्व को लेकर आस्था और भक्ति का माहौल बनने लगा है। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर रविवार शाम को मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा आगामी 17 अक्टूबर, शनिवार, सप्तमी के दिन निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



**यात्रा की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई**

बैठक में इस वर्ष की चुनरी यात्रा के लिए संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई। हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से -संयोजक श्रीमती पुष्पा पंवार, सह-संयोजक - श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती वर्षा मंगल एवं श्रीमती मंजू आर्य को नियुक्त किया गया। समिति ने मातृशक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

**यह रहेगा यात्रा का मार्ग**

हिउस अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि चुनरी यात्रा नगर के खेड़ापति शीतला माता मंदिर मातमंड से प्रारंभ होगी। जो पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चैराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां मातारानी की भव्य आरती एवं पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा।बैठक में हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक, अध्यक्ष पवन शर्मा सहित नगर के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

### सेवा सेतु अभियानः नपा परिसर में 25 विभागों के स्टॉल लगाए

# शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ दफ्तरों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा। समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। 'सरकार आपके द्वार' की तर्ज पर लगाए गए इस शिविर में करीब 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना और शासकीय सेवाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाना है।

**17 अक्टूबर तक चलेगा अभियानः** एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि सेवा सेतु अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक 650 से अधिक यूनिट रक्तदान भी किया जा चुका है।